पंचदश बिहार विधान सभा

अष्टम् सत्र

<u>दैनिक विवरणिका</u>

संख्या-13 बुधवार, दिनांक-06 मार्च, 2013 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.20 बजे पूर्वाह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 01 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(iii) 225 तारांकित प्रश्न अनागत ।

प्रश्नोत्तरकाल शुरू होते ही विपक्ष के मा० सदस्यगण अपनी कार्यस्थगन की सूचना की स्वीकृति के सम्बंध में मांग करने लगे और नारेबाजी करते हुए वेल में आ गए । आसन द्वारा बार-बार उनसे शांत होने और अपनी सीट पर जाने का अनुरोध किया जाता रहा । फिर भी सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सदन की कार्यवाही 12.00 बजे मध्याह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

(स्थगनोपरांत)

समय 12.00 बजे मध्याह्न से 12.30 बजे अप० तक ।

[2] कार्यस्थगन :-

मा० नेता प्रतिपक्ष एवं अन्य सभासदों से प्राप्त कार्यस्थगन सूचना के नियमानुकूल नहीं रहने के कारण अमान्य किए जाने की घोषणा आसन द्वारा की गई ।

[3] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचना अन्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i)	श्रीमती पूनम देवी यादव	(ii)	श्री प्रदीप कुमार
(iii)	श्री विनोद प्रसाद यादव	(iv)	श्री अमन कुमार
(v)	श्री कुमार शैलेन्द्र	(vi)	श्री राम नरेश प्रसाद यादव
(vii)	श्री बीरेन्द्र कुमार सिंह	(viii)	श्री विजय कुमार सिन्हा

(ix) डा० इजहार अहमद
(x) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(xi) श्री कृष्णनंदन यादव
(xii) श्री संजय सिंह 'टाइगर'
(xiii) श्री रणधीर कुमार सोनी
(xiv) श्री रामानंद राम
(xv) श्री राजेश्वर राज

कार्यस्थगन की सूचना के अस्वीकृत होने के उपरांत विपक्ष के मा० सदस्यगण कार्यस्थगन सूचना स्वीकृत किये जाने की मांग को लेकर वेल में आ गए और नारेबाजी करने लगे । आसन द्वारा उनसे कहा गया कि नियमानुकूल प्रस्ताव लाएँ तो आसन उसे जरूर देखेगा । लेकिन विपक्ष के मा० सदस्यगण संतुष्ट नहीं हुए और लगातार नारेबाजी करते रहे । आसन द्वारा उनसे शांत होने तथा अपने सीट पर जाने का बार-बार अनुरोध किया जाता रहा, लेकिन सदन शांति कायम नहीं हो सकी और सदन की कार्यवाही भोजनावकाश के लिए स्थगित हुई ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.00 बजे अप० से 5.15 बजे अप० तक ।

[4] <u>वित्तीय कार्य</u> :-<u>वित्तीय वर्ष 2013-14 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांग पर वाद-विवाद तथा मतदान</u>:-

मा० मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, श्री भीम सिंह द्वारा विभाग से संबधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

मा० सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि द्वारा राज्य सरकार की ग्रामीण कार्य नीति पर विचार-विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग तथा कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री हरिनारायण सिंह

(माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री पवन कुमार जायसवाल
(iii) श्री तारकिशोर प्रसाद
(iv) श्री दुलालचंद्र गोस्वामी
(v) श्रीमती सुजाता देवी
(vi) श्री जनक सिंह
(vii) श्री प्रदीप कुमार
(viii) डा० अच्युतानंद
(ix) श्री रामदेव महतो
(x) डा० रणविजय कुमार

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

मा० मंत्री ग्रामीण कार्य विभाग, श्री भीम सिंह द्वारा सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

तत्पश्चात् मा० सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि का कटौती प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ तथा ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

आसन द्वारा सदन की सहमति से आज के कार्यों के निष्पादन तक सदन की अवधि का विस्तार किया गया ।

[5] <u>सरकार का वक्तव्य</u> :-

मा० मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा दिनांक 05.03.2013 को आर० ब्लॉक चौराहे पर नियोजित आंदोलनरत शिक्षकों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई के संबंध में विस्तृत वक्तव्य दिया गया ।

[6] <u>निवेदन</u> :-

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए घोषित कुल 31 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक वृहस्पतिवार, दिनांक 07.03.2013 के 11.00 बजे पूर्वाहन् तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-06.03.2013

फूल झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।